उत्तर प्रदेश के 10 पुलिसकर्मी केंद्रीय गृह मंत्री पदक के लिये चयनित

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2022 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी प्रतिष्ठित केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2022 के लिये चुने गए 151 पुलिसकर्मियों की सूची में उत्तर प्रदेश के 10 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2022 के लिये घोषित 151 पुलिसकर्मियों की सूची में 28 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।
- इस सूची में सीबीआई के 15, एनआईए के 5, महाराष्ट्र पुलिस के 11, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के 10-10, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पुलिस के 8-8 कर्मी और शेष अन्य राज्यों के हैं।
- इस प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में उत्तर प्रदेश पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक संसार सिंह राठी, उप-पुलिस अधीक्षक सवरितना गौतम, एसएचओ कमलेश सिंह, इंस्पेक्टर राम गोविंद मिश्रा, इंस्पेक्टर संतोष कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय, इंस्पेक्टर भैया शिवप्रसाद सिंह, सब-इंस्पेक्टर नीरज कुमार पाल और सब-इंस्पेक्टर सूरज कुमार तिवारी शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि अपराध की जाँच में उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और जाँच अधिकारियों द्वारा जाँच में इस तरह की उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2018 में इस पदक की स्थापना की गई थी।
- इसके तहत किसी भी अपराध की जाँच में उच्च मानकों को स्थापित करके पेशेवर रवैये को बढ़ाने, ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व काम से असाधारण साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को यह मेडल दिया जाता है।
- 2018 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिये पाँच पुलिस पदक शुरू किये थे। इसमें विशेष संचालन पदक, पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, असाधारण कुशलता पदक, उत्कृष्ट एवं अतिउत्कृष्ट सेवा पदक और जाँच में उत्कृष्टता पदक शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-policemen-from-uttar-pradesh-selected-for-union-home-minister-s-medal